# घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23

## प्रलिम्सि के लिये:

घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सकल घरेलू उत्पाद, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, नीति आयोग, मासिक प्रति व्यक्ति उपभोक्ता व्यय, सी. रंगराजन समिति

## मेन्स के लिये:

हाल के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की मुख्य बातें

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)** द्वारा घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (Household Consumption Expenditure Survey- HCES) 2022-23 की विस्तृत रिपोर्ट जारी की गई।

- इसने विभिन्न राज्यों के ग्रामीण और शहरी परिवारों की **व्यय आदतों** के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (Household Consumption Expenditure Survey- HCES) क्या है?

- **परिचय:**
  - HCES का आयोजन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office- NSO) द्वारा प्रत्येक **5 वर्ष** में किया जाता है।
  - इसे घरों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग के बारे में **जानकारी एकत्र** करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - HCES में एकत्रित आँकड़ों का उपयोग सकल घरेलू उत्पाद (GDP), गरीबी दर और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index- CPI) जैसे विभिन्न अन्य व्यापक आर्थिक संकेतकों को प्राप्त करने के लिये भी किया जाता है।
  - औसत MPCE की गणना **2011-12 के मूल्यों** पर की गई है।
  - सर्वेक्षण में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ दुर्गम गाँवों को छोड़कर **संपूर्ण भारतीय संघ** को शामिल किया गया।
  - वर्ष 2017-18 में आयोजित अंतिम HCES के निष्कर्ष सरकार द्वारा "डेटा गुणवत्ता" के मुद्दों का हवाला देने के बाद जारी नहीं किये गए थे।
- **व्युत्पन्न जानकारी:**
  - यह वस्तुओं (खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं सहित) एवं सेवाओं पर **सामान्य व्यय के बारे में जानकारी** प्रदान करता है।
  - इसके अतिरिक्त यह **घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोक्ता व्यय (Monthly Per Capita Consumer Expenditure- MPCE)** के अनुमान की गणना करने और विभिन्न MPCE श्रेणियों में परिवारों और व्यक्तियों के वितरण का विश्लेषण करने में सहायता करता है।

## हाल के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की मुख्य बातें क्या हैं?

- **खाद्य व्यय प्राथमिकताएँ:**
  - **पेय पदार्थ, जलपान और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ:** यह श्रेणी कई राज्यों में खाद्य व्यय का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा रही, विशेष रूप से **तमिलनाडु** में, जहाँ ग्रामीण (28.4%) और शहरी (33.7%) दोनों क्षेत्रों में **सबसे अधिक व्यय प्रतिशत** देखा गया।
  - **दूध और दुग्ध उत्पाद: हरियाणा** (ग्रामीण 41.7%, शहरी 33.1%) और **राजस्थान** (शहरी 33.2%) जैसे उत्तरी राज्यों के ग्रामीण एवं शहरी परिवारों में प्रमुख रूप से दूध और दुग्ध उत्पाद पसंद किये जाते हैं।

- **अंडा, मछली और मांस:** केरल में परिवारों ने ग्रामीण (23.5%) और शहरी (19.8%) दोनों ही स्थितियों में इस श्रेणी में सबसे अधिक व्यय किया।
- **समग्र खाद्य बनाम गैर-खाद्य व्यय:**
  - **खाद्य व्यय: ग्रामीण भारत में खाद्य, कुल घरेलू उपभोग व्यय का लगभग 46% है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह लगभग 39% है।**
  - **गैर-खाद्य व्यय: गैर-खाद्य वस्तुओं** पर उच्च व्यय की ओर एक **महत्त्वपूर्ण बदलाव** देखा गया है, गैर-खाद्य वस्तुओं पर ग्रामीण व्यय वर्ष 1999 के 40.6% से बढ़कर 2022-23 में 53.62% हो गया और इसी अवधि में शहरी व्यय 51.94% से बढ़कर 60.83% हो गया।
- **प्रमुख गैर-खाद्य व्यय श्रेणियाँ:**
  - **परिवहन:** यह ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में **गैर-खाद्य व्यय** में शीर्ष स्थान पर रहा, केरल में इसका प्रतिशत सबसे अधिक रहा।
  - **चिकित्सा व्यय:** ग्रामीण क्षेत्रों में **केरल, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश** तथा शहरी क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल, केरल और पंजाब में यह विशेष रूप से अधिक है।
  - **टिकाऊ वस्तुएँ:** टिकाऊ वस्तुओं पर सबसे अधिक व्यय केरल के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में देखा गया।
  - **ईंधन और प्रकाश:** पश्चिम बंगाल और ओडिशा ने क्रमशः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण व्यय दर्शाया।
- **क्षेत्रीय विविधिताएँ:**
  - विभिन्न राज्यों ने विशिष्ट खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं पर खर्च के लिये अलग-अलग प्राथमिकताएँ दिखाईं, जो**सांस्कृतिक और क्षेत्रीय आर्थिक अंतर** को दर्शाती हैं।
- **उपभोग व्यय में वृद्धि:**
  - सर्वेक्षण से पता चलता है कि पिछले दशक में उपभोग व्यय में पर्याप्त वृद्धि हुई है। वर्ष 2011-12 से 2022-23 तक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक खपत में 164% की वृद्धि हुई, जबकि शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक खपत में 146% की वृद्धि हुई।
  - भारत में शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक खपत में अधिक वृद्धि देखी गई है।
  - **शहरी और ग्रामीण MPCE के बीच अंतर में पिछले कुछ वर्षों** में कमी देखी गई है, जो वर्ष 2009-10 के 90 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 75 प्रतिशत हो गया है।

//




## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय

- **परिचय: वर्ष 2019 में केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय** (Central Statistical Office- CSO) और राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (National Sample Survey Office- NSSO) को विलय करके गठित किया गया।
- **सी. रंगराजन समिति ने सबसे पहले सभी प्रमुख सांख्यिकीय गतिविधियों के लिये** नोडल निकाय के रूप में NSO की स्थापना का सुझाव दिया था।
- यह वर्तमान में **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Ministry of Statistics and Programme Implementation- MoSPI) के अंतर्गत** कार्य करता है।
- **कार्य:** विश्वसनीय, वस्तुनिष्ठ एवं प्रासंगिक सांख्यिकीय डेटा एकत्र, संकलित और प्रसारित करता है।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

प्रश्न. घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (Household Consumption Expenditure Survey) 2022-23 के आलोक में, भारत की आर्थिक योजना और

| |
|---|
| विकास रणनीतियों पर उपभोग पैटर्न में बदलाव के संभावित प्रभावों की जाँच कीजिये। |

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. एन.एस.एस.ओ. के 70वें चक्र द्वारा संचालित "कृषक-कुटुम्बों की स्थिति आकलन सर्वेक्षण" के अनुसार निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये : (2018)**

1. राजस्थान में ग्रामीण कुटुम्बों में कृषि कुटुम्बों का प्रतिशत सर्वाधिक है।
2. देश के कुल कृषि कुटुम्बों में 60% से कुछ अधिक ओ.बी.सी. के हैं।
3. केरल में 60% से कुछ अधिक कृषि कुटुम्बों ने यह सूचना दी कि उन्होंने अधिकतम आय गैर कृषि स्रोतों से प्राप्त की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. किसी दिये गए वर्ष में भारत में कुछ राज्यों में आधिकारिक गरीबी रेखाएँ अन्य राज्यों की तुलना में उच्चतर हैं, क्योंकि: (2019)**

(a) गरीबी की दर अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होती है
(b) कीमत-स्तर अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होता है
(c) सकल राज्य उत्पाद अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होता है
(d) सार्वजनिक वितरण की गुणता अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होती है

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/household-consumption-expenditure-survey-2022-23-1